# ***VICTOR ACADEMY***

## ***Where excellence paves it's way***

## ***Sports Current Affairs 2018***

***विदर्भ टीम पहली बार रणजी ट्रॉफी की विजेता***

***विदर्भ टीम ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआइ) की प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी 1 जनवरी 2018 को दिल्ली की टीम को हराकर जीत ली।***

***विराट बने आईसीसी क्रिकेट ऑफ द ईयर***

***18 जनवरी, 2018 को आईसीसी अवॉर्ड्स की घोषणा की गई। भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर तथा आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर घोषित किया गए। विराट आईसीसी की टेस्ट टीम ऑफ द ईयर और वनडे टीम ऑफ द ईयर के कप्तान भी चुने गए।***

***भारत ने लगातार दूसरी बार जीता ब्लाइंड वर्ल्ड कप***

***भारत में लगातार दूसरी बार ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप जीत लिया। 20 जनवरी, 2018 को खेले गए फाइनल मैच में भारत ने पाकिस्तान को हराकर यह खिताब जीता। गौरतलब है कि भारत 2014 में भी ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीत चुका है।***

***14 वर्ष के पश्चात विश्वनाथ आनंद रैपिड शतरंज के विश्व चैंपियन***

***भारत के विश्वनाथन ने 14 वर्ष के अंतराल के पश्चात जनवरी 2018 में रैपिड चेस की विश्व चैंपियनशिप जीत ली। विश्वनाथ आनंद इससे पूर्व 2003 में इस खिताब के विजेता रहे थे। 41 वर्षीय विश्वनाथ आनंद इस खिताब के सबसे उम्रदराज विजेता बने हैं।***

***पहले खेलो इंडिया स्कूल गेम्स***

***पहले खेलो इंडिया स्कूल गेम्स 31 जनवरी, 2018 से 8 फरवरी, 2018 तक में दिल्ली में संपन्न हुए। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया स्कूल गेम्स का आरंभ देश में सबसे निचले स्तरों पर (स्कूल स्तर पर) खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने और भारत को एक खेल राष्ट्र में बदलने के उद्देश्य किया गया। 17 वर्ष से कम आयु के श्रेष्ठतम खिलाड़ियों ने इन गेम्स में भाग लिया।***

***भारत आईसीसी अंडर-19 विश्व कप का विजेता बना***

***न्यूजीलैंड की मेजबानी में 13 जनवरी से 3 फरवरी 2018 को संपन्न (12वां) आईसीसी अंडर-19 विश्व कप भारत ने जीत लिया। 3 फरवरी, 2018 को माउंट माउनगानुइ में खेले गए फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर भारत ने चौथी बार यह विश्वकप जीतने में सफलता प्राप्त की। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के कप्तान पृथ्वी शा तथा कोच राहुल द्रविड़ थे। भारत में रिकॉर्ड चौथी बार आईसीसी अंडर-19 विश्वकप अपने नाम किया। इससे पूर्व सन 2000, 2008 तथा 2012 में भारत इस विश्वकप का विजेता रहा था।***

***प्योंगचांग में 23वें शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन***

***23वें शीतकालीन ओलंपिक खेलों का शुभारंभ दक्षिण कोरिया में प्योंगचांग मैं 9 फरवरी 2018 को हुआ। भारत सहित 92 देशों के लगभग 3000 खिलाड़ियों ने 15 शीतकालीन खेलों की विभिन्न स्पर्धा में भाग लिया। भारत को इन खेलों में कोई पदक नहीं मिला। नार्वे का पदक तालिका में पहला स्थान रहा। इन खेलों का रंगारंग समापन 25 फरवरी 2018 को हुआ।***



VICTOR ACADEMY

***झूलन 200 विकेट लेने वाली विश्व की पहली गेंदबाज बनी***

***दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध फरवरी 2018 में खेली गई एकदिवसीय श्रंखला में भारत के गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अपना 200वां विकेट लिया। इसके साथ ही महिलाओं के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाली विश्व की पहली गेंदबाज वह बन गई। उन्होंने 166वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की।***

***नवजोत कौर एशियन रेसलिंग में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला***

***बिश् केक ( किर्गिस्तान) में 3 मार्च 2018 को एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर भारत की नवजोत कौर ने इतिहास रच दिया। 28 वर्षीय नवजोत कौर सीनियर एशियन रैसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई। उन्होंने 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।***

***विश्व इनडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2018***

***अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ 17वीं विश् व इनडोर एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन ब्रिटेन में बर्मिंघम में 1 से 4 मार्च, 2018 को हुआ। 144 देशों के कुल मिलाकर 632 एथलीटस ने इसमें भाग लिया। भारत में केवल एक एथलीट धावक सिद्धांत थिंगालय कोही को इस चैंपियन में भेजा था। इसमें सिद्धांत थिंगालय कोई पदक नहीं जीत पाए। 6 स्वर्ण, 10 रजत, तथा दो कांस्य पदक जीतकर अमेरिका ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।***

***ऑस्ट्रेलिया अजलन शाह कप हॉकी का विजेता बना***

***इपोह (मलेशिया) मैं 10 मार्च, 2018 को संपन्न (27वां) सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट में पहला स्थान आस्ट्रेलिया का रहा। भारत का इस टूर्नामेंट में पांचवां स्थान रहा।***

***आईबीएसएफ स्नूकर टीम विश्व कप भारत ने जीता***

***2018 में पंकज आडवाणी और मनन चंद्रा भारतीय स्नूकर जोड़ी ने इंटरनेशनल बिलियर्ड्स एंड स्नूकर फेडरेशन (आईबीएसएफ) स्नूकर टीम विश्व कप जीत लिया। भारत ने फाइनल में***

***पाकिस्तान को 3-2 से हराया।***

## ***शूटिंग विश्व कप में पहली बार पदक तालिका में भारत का शीर्ष स्थान***

***इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन की वर्ष 2018 की पहली विश्व कप निशानेबाजी चैंपियनशिप का आयोजन मेक्सिको में गुआदलजारा मैं मार्च 2018 में हुआ। इसमें कुल चार स्वर्ण, एक रजत तथा चार कांस्य सहित कुल 9 पदक भारतीय निशानेबाजों ने जीते, जिसमें पदक तालिका में भारत का स्थान पहला रहा।***

## ***21 वे राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन***

***21 वे राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैण्ड गोल्ड कोस्ट सिटी में 4 से 15 अप्रैल, 2018 को हुआ। 71 देशों के 6500 से अधिक खिलाड़ियों ने इस आयोजन में 19 खेलों की 275 स्पर्धा में भाग लिया। इन खेलों के शुभंकर को 'बोरोबी' नाम दिया गया था। इन खेलों में 26 स्वर्ण, 20 रजत तथा 20 कांस्य सहित कुल 66 पदक जीतकर भारत ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए आस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के बाद तीसरा स्थान पदक तालिका में प्राप्त किया। पिछले ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों (2014) में 15 स्वर्ण,29 रजत तथा 19 कास्य सहित कुल 64 पदक जीत कर पदक तालिका में 5वां स्थान भारत ने प्राप्त किया।उल्लेखनीय है कि आगामी 22 मई राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 2022 में बर्मिंघम (इंग्लैंड) में होगा।***

## ***गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में पदक तालिका में पहले पाँच देश***

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 80 | 59 | 59 | 198 |
| इंग्लैंड | 45 | 45 | 46 | 136 |
| भारत. | 26 | 20 | 20 | 66 |
| कनाडा | 15 | 40 | 27 | 82 |
| दक्षिण आफ्रीका | 15 | 16 | 15 | 46 |

***लिएंडर पेस डेविस कप में सफलतम युगल खिलाड़ी बने***

***भारत के लिएंडर पेस ने 7 अप्रैल, 2018 को डेविस कप में अपने युगल मुकाबले में रोहन बोपन्ना के साथ जोड़ी बनाकर चीनी खिलाड़ियों की जोड़ी को पराजित कर नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। डेविस कप में 44 वर्षीय लिएंडर पेस की यह रिकॉर्ड 43वीं जीत थी। इसके साथ ही इटली के निकोला पीटरंगोली की 42 विजयों का रिकॉर्ड पेस ने तोड़ दिया तथा डेविस कप टेनिस में सबसे सफल युगल खिलाड़ी होने का श्रेय हासिल किया।***

***किदांबी वर्ल्ड नंबर वन शटलर बने***

***विश्व बैडमिंटन संघ के द्वारा 12 अप्रैल 2018 को जारी की गई रैंकिंग में भारत के किदांबी श्रीकांत दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन खिलाड़ी बन गए। वे नंबर वन पोजिशन तक पहुंचने वाले भारत के पहले पुरुष शटलर थे।***

***नेपाल ने हासिल किया अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय मैच खेलने का दर्जा***

***जिंबाब्वे में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सेमी फाइनल 2018 में नेपाल ने इतिहास रचते हुए अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय मैच खेलने का दर्जा हासिल कर लिया। नेपाल को वर्ष 2022 तक अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय टीम होने का दर्जा मिल गया।***

***चेन्नई सुपर किंग्स टीम तीसरी बार आईपीएल की विजेता बनी***

***भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 20-20 इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल) का 11 वां संस्करण 7 अप्रैल 27 मई 2018 के दौरान खेला गया। यह टूर्नामेंट चेन्नई सुपर किंग्स ने जीता। चेन्नई सुपर किंग्स टीम ने तीसरी बार आईपीएल खिताब जीता। सर्वाधिक 735 रन बनाने के लिए 'ऑरेंज कैंप' सनराइजर्स हैदराबाद के केन विलियमसन को मिली। टूर्नामेंट में सर्वाधिक 24 विकेट लेने के लिए 'पर्पल कैप' किंग्स-11 पंजाब के एंड्रयू टाई को मिली। उल्लेखनीय है कि आईपीएल टूर्नामेंट ( आईपीएल 10) मुंबई इंडियंस ने जीता था।***

***थॉमस कप तथा उबेर कप 2018***

***विश्व बैडमिंटन के पुरुषों तथा महिलाओं के टीम चैंपियनशिप के थॉमस कप तथा उबेर कप***

*टूर्नामेंटस का आयोजन थाईलैंड में बैंकॉक में 20-27 मई, 2018 को हुआ। पुरुषों के थामस कप के लिए फाइनल मुकाबला चीन तथा जापान के बीच 27 मई, 2018 को हुआ। चीन ने 10 वीं बार थॉमस कप जीतने में सफलता प्राप्त की। महिलाओं के उबेर कप के लिए फाइनल मुकाबला 27 मई, 2018 को हुआ। फाइनल में मेजबान थाईलैंड को 3-0 से हराकर जापान ने कप जीता। गौरतलब है कि टूर्नामेंट का आयोजन दो 2 वर्ष के अंतराल पर होता है। पिछली बार 2016 में थॉमस कप डेनमार्क ने तथा उबेर कप चीनी ने जीते थे।*

*23 वें फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी अमेरिका मैक्सिको और कनाडा को मिली*

*फीफा वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 की मेजबानी 13 जून 2018 को अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा को संयुक्त रूप से प्राप्त हुई। यह 23वां फुटबॉल वर्ल्ड कप होगा। इस वर्ल्ड कप में पहली बार 40 टीमें भाग लेंगी।*

*इंग्लैंड ने वनडे का सर्वोच्च स्कोर बनाया*

*जून 2018 में इंग्लैंड तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई 5 मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे मैच में इंग्लैंड ने 6 विकेट पर 481 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाया। यह वनडे का अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले वनडे का सबसे बड़ा स्कोर (444 रन) इंग्लैंड पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। महिला वनडे क्रिकेट मैं सबसे बड़े स्कोर (490 रन) का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम है।*

*एमएस धोनी 500 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले क्रिकेटर बने*

*कार्डिफ में 6 जुलाई, 2018 को भारत से इंग्लैंड के बीच खेला गया ट्वेंटी-20 मैच भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के कैरियर का 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। स्थिति तक धोनी ने 90 टेस्ट तथा 313 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के अतिरिक्त 92, 20-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। 500 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले वह विश्व के नौवें तथा भारत के तीसरे क्रिकेटर है। ऐसी उपलब्धि वाले भारत के दो अन्य क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर तथा राहुल द्रविड़ है।*

*ट्वेंटी-20 क्रिकेट में सर्वोच्च पारी का आरोन फिंच का विश्व रिकॉर्ड*

*हरारे (जिंबॉब्वे) में 20-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के एक मैच में जिंबाब्वे के विरुद्ध खेलते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान आरोन फिंच 172 रन की पारी खेलकर ट्वेंटी -20 अंतरराष्ट्रीय*

क्रिकेट में सर्वोच्च पारी का रिकॉर्ड स्थापित किया। इस मामले में 156 रन की पारी का अपना खुद का ही रिकॉर्ड फिंच ने भंग किया।

विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी हिमा

भारत की युवा एथलीट हिमा दास फ़िनलैंड में जुलाई 2018 में आयोजित अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। एथलेटिक्स (दौड़) विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गई। विश्व चैंपियनशिप में यह कारनामा मिल्खा सिंह तथा पीटी उषा भी नहीं कर सके थे।

आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पांचवें भारतीय बने राहुल द्रविड़

इंटरनेशनल क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (आईसीसी) द्वारा डबलिन में एक समारोह के दौरान आईसीसी हॉल आफ फेम की सूची में शामिल होने वाले नए खिलाड़ियों की घोषणा की गई। इन खिलाड़ियों में भारत के राहुल द्रविड, ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग तथा इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर क् लेयर टेलर का नाम,शामिल है। द्रविड़ इस सूची में स्थान पाने वाले पांचवे भारतीय खिलाड़ी बने।उनसे पहले बिंशनसिंह बेदी, सुनील गावस्कर, कपिल देव और अनिल कुंबले भी हॉल ऑफ फेम में शामिल हो चुके हैं।

महिला का विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट – 2018

5 अगस्त, 2018 को लंदन में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के महिलाओं के 14वें विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब नीदरलैंड्स ने फाइनल में आयरलैंड को हराकर जीता। नीदरलैंड्स ने रिकॉर्ड आठवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने में सफलता प्राप्त की। टूर्नामेंट में भारत स्थान आठवां रहा।

तीसरे एशियाई पैरा खेल जकार्ता में संपन्न

अशक् तता वाले एशियाई खिलाड़ियों के तीसरे एशियाई पैरा खेलों का आयोजन इंडोनेशिया में जकार्ता में 6-13 अगस्त, 2018 को हुआ। इन खेलों में भारत ने 15 स्वर्ण, 24 रजत, 33 कास् य सहित कुल 72 पदक जीते। पदक तालिका में भारत का नौवां स्थान रहा। 319 पदकों के साथ चीन का पदक तालिका में पहले स्थान रहा।

***18वें एशियन गेम्स –2018***

***18वें एशियन गेम्स 18 अगस्   त से 2 सितम्   बर,2018 तक इंडोनेशिया में हुए। गेम्   स में 45 देशों के 10 हजार से अधिक एथलीट शामिल हुए। 15 दिन चले इन गेम्   स में 40 खेलों की 465 इवेंट्स हुए। चीन 132 गोल्   ड मेडल के साथ 289 मेडल जीतकर पदक तालिका में नंबर वन रहा। भारत ने 15 स्   वर्ण, 24 रजत, तथा 30 कास्   य पदक जी   ते। पदक तालिका मे भारत का 8वां स्   थान रहा। पदक तालिका में दूसरा तथा तीसरा स्   थान क्रमश: जापान तथा दक्षिण  कोरिया का रहा। आगामी 19वें एशियन गेम्   स 2022 में चीन के हांगझोउ में होंगे।***

***फ्रांस दूसरी बार बना फीफा वर्ल्   ड कप चैंपियन***

***15 जुलाई, 2018 को रूस में खेले गए फीफा वर्ल्   ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2018 का खिताब फ्रांस ने जीत लिया। फ्रांस ने फायनल मुकाबले में क्रोएशिया को 4-2 से शिकस्   त दी। इससे पहले फ्रांस 1998 में पहली बार फीफा वर्ल्   ड कप चैंपियन बना था। टूर्नामेंट में सर्वाधिक 6 गोल करने वाले इंग्   लैड के कप्   तान हैरी केन को गोल्   डन बूट ट्रॉफी प्रदान की गई। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्   ठ खिलाड़ी का गोल्   डन बॉल अवॉर्ड को   एशिया के कप्   तान लुका मोड्रिक को प्रदान किया गया। फ्रांस के स्   टार खिलाड़ी एमबापे को सर्वश्रेष्   ठ युवा खिलाड़ी के लिए दी जाने वाली सिल्   वर बॉल ट्रॉफी प्रदान की गई। बेल्जियम के गोलकीपर थिबाउट कोरटींस को सर्वश्रेष्   ठ गोलकीपर का अवॉर्ड प्रदान किया। गया। उल्   लेखनीय है कि अगला फीफा वर्ल्   ड कप कतर में 2022 में होगा।***

***तीसरे ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेल ब्यूनस आयर्स में संपन्न***

***ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन अर्जेंटीना में ब्यूनस आयर्स में 6 से 8 अक्टूबर, 2018 को हुआ। 19 स्वर्ण, 18 रजत, 12 कास्   य सहित कुल  59 पदक जीतकर रूस ने पदक तालिका में पहला स्थान प्राप्त किया। भारत में इन खेलों में तीन स्वर्ण, 9 रजत, तथा एक कांस्य पदक सहित कुल 13 पदक प्राप्त किए। आगामी चौथे ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन 2022 मैं सेनेगल में डकार में  होगा।***

***असम के गोलप राभा बने मिस्टर वर्ल्ड-2018***

***असम के बॉडी बिल्डर गोलप राभा 26 अक्टूबर,2018 मिस्टर वर्ल्ड 2018 का खिताब जीत लिया। यह प्रतियोगिता लिथुआनिया में हुई थी।***

***लुईस हैमिल्टन पांचवी बार फॉर्मूला वन रेसों के विश्व चैंपियन बने***

***28 अक्टूबर, 2018 को मर्सिडीज़ टीम के ब्रिटिश चालक हैमिल्टन फार्मूला वन रेस के वर्ष 2018 के विश्व चैंपियन बन गए। उन्होंने 5 बार विश्व खिताब जीतकर अर्जेंटीना के जुआन फेजिओ के 5 किताबों की बराबरी की। उल्लेखनीय है कि सर्वाधिक 7 बार विश्व चैंपियन रहने का रिकॉर्ड जर्मनी के माइकल शूमाकर के नाम है।***

***ट्वेंटी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने रोहित***

***नवंबर 2018 में भारत के रोहित शर्मा ट्वेटी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सबसे ज्यादा 4 शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। न्यूजीलैंड के कोलिन मुंडो तीन शतकों के साथ दूसरे नंबर पर है।***

***ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट 2018***

***ऑस्ट्रेलियाई ओपन***

***लॉन टेनिस की वर्ष 2018 की पहली ग्रैंड स्लैम टेनिस स्पर्धा ऑस्ट्रेलियन ओपन का आयोजन मेलबर्न में 15 से 28 जनवरी, 2018 को हुआ। इस टूर्नामेंट में पुरुष तथा महिला वर्ग के एकल खिताब क्रमश:रोजर फेडरर तथा कैरोलीन वोज्नियाकी ने जीते। 36 वर्षीय स्विजरलैंड के रोजर फेडरर का ऑस्ट्रेलियन ओपन में जहां यह छठा खिताब था, वहीं ग्राण्‍ ड स्लैम टेनिस में उनका यह 20वां एकल खिताब था। उनके इन 20 ग्राण्‍ ड स्‍ लैम किताबों में 6 ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताबों (2004, 2006, 2007, 2010, 2017 तथा 2018) के अतिरिक्त एक फ्रेंच ओपन (2009), 8 विंबलडन (2003, 2004, 2005, 2006, 2007,2009, 2012,व 2017) तथा पांच अमेरिकी ओपन खिताब (2004 2005 2007 तथा 2008) शामिल है। इस टूर्नामेंट का पुरुषों का युगल खिताब ऑस्ट्रेलिया के ओलिवर मराच तथाक्रोएशिया के माटे पैविक कीजोड़ी ने जीता। महिला युगल खिताबटीमिया बाबोस (हंगरी) तथा क्रिस्टीना म्‍ लाडिनोविक (फ्रांस) की जोड़ी ने जीता। मिश्रित युगल खिताब माटे पैविक (क्रोएशिया) तथा गैब्रिएला डाब्‍ रोव्‍ स्‍ की (कनाडा) की जोड़ी ने जीता।***



VICTOR ACADEMY

***फ्रेंच ओपन***

***क्   ले कोर्ट के बेताज बादशाह स्पेन के राफेल नडाल ने जून, 2018 को रिकॉर्ड 11वीं बार फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब जीत लिया। इसमें ग्रैंड स्लैम टेनिस प्रतियोगिताओं मे उनके कल किताबों की कुल संख्या 17 हो गई तथा इस मामले में 20 ग्रैंडस्लैम किताबों के साथ स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर उनसे आगे हैं।  फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट 2018 का महिला एकल खिताब रोमानिया की सिमोना हालेप ने जीता। फ्रेंच ओपन का पुरुष युगल खिताब फ्रांस के पियरे ह्यूगूस हरबर्ट तथा निकोलस माहुथ की जोड़ी ने जीता। महिला युगल खिताब चेक गणराज्य की बाराबरा क्रेज सिकोवा तथा कैटरीना सीनियाकोवा की जोड़ी ने जीता। मिश्रित युगल खिताब क्रोएशिया के इवान डोडिग तथा चीनी  ताइपै की लतीशचान की जोड़ी ने जीता।***

***विंबलडन***

***जुलाई 2018 को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट 2018 का पुरुषों का एकल खिताब सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने जीता। जर्मनी की एंजेलिक कर्बर विंबलडन टेनिस में महिलाओं के एकल खिताब की विजेता बनी।  पुरुष युगल खिता बमार्क ब्रायन तथा जैक सॉक (दोनों अमेरिका) ने जीता। महिला युगल खिताब बारबोरा क्रैसीकोवा तथा कैटरीना सिनियाकोवा (दोनों चेक गणराज्य की) ने जीता। मिश्रित युगल खिताब एलेक्   जेंडर पेया (ऑस्ट्रिया) तथा निकोल मैनिचर (अमेरिका) की जोड़ी ने जीता।***

***अमेरिकी ओपन***

***सितंबर 2018 सर्बिया के नोवाक जोकोविच  ने अमेरिका (यूएस) ओपन टेनिस टूर्नामेंट 2018 का पुरुष एकल खिताब जीत लिया। जापान की नाओमी ओसाका ने महिला एकल खिताब पर कब्जा जमाया। पुरुष युगल खिताब माइक ब्रायन तथा जैक सोक की जोड़ी ने जीता। महिला युगल खिताब  ए. बार्टी तथा सी. वांडेवेधे की जोड़ी ने जीता। मिश्रित युगल खिताब बेथानी मालेक सैंडस तथा जैसी मरे की जोड़ी ने जीता।***

***-क्रोएशिया की टीम को 4-2 से पराजित कर फीफा विश्वकप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया.***

-फ्रांस ने 1998 में अपनी मेजबानी में पहली बार विश्व कप जीता था

Q.2.आईएएएफ वर्ल्ड अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किस भारतीय खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल जीता है-हिमा दास

*400 मीटर फाइनल में गोल्ड स्वर्ण पदक जीता. वह ट्रैक इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं.

Q.3 हाल ही में किस भारतीय खिलाड़ी ने जिमनास्टिक विश्वकप में स्वर्ण पदक कर इतिहास रचा है -दीपा करमाकर

*यह विश्व कप तुर्की में वर्ल्ड चैलेंज कप के नाम से आयोजित किया गया

Q.4 हाल ही में किस भारतीय को ICC हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया- राहुल द्रविड़

*यह सम्मान हासिल करने वाले भारत के पांचवें क्रिकेटर हैं

* द्रविड़ से पहले यह सम्मान वर्ष 2015 में अनिल कुंबले को मिला था. बिशन सिंह बेदी, कपिल देव और सुनील गावस्कर को वर्ष 2009 में शुरुआती 'आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया था

Q. हाल ही में कौन भारत के पहले व विश्व के दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बन गए हैं –प्रागनानंदा

*विश्व स्तर पर इस उपलब्धि के साथ वे दूसरे स्थान पर हैं.

*** विश्व के नंबर वन यूक्रेन के सेर्गेय**

**Q. हाल ही T20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2000 रन पूरा करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी कौन है- मिताली राज**

***यह उपलब्धि यहां महिला एशिया कप टी 20 टूर्नामेंट में श्रीलंका पर भारत की सात विकेट की जीत के दौरान 23 रन की पारी में ओशादी राणासिंघे पर एक रन बनाकर हासिल की**

***मिताली राज ऐसा करने वालीं भारत की पहली और दुनिया की सातवीं महिला क्रिकेटर हैं**

**Q. बीसीसीआई के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर (सीजन 20162 17 ,2017-18 ) का अवार्ड किसे दिया गया - विराट कोहली**

*** विश्व कप सितारे हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना को महिला वर्ग में यह पुरस्कार दिया**

**Q. IPL 2018 का विजेता कौन सी टीम रही है – चेन्नई सुपर किंग**

***तीसरी बार जीता IPL का खिताब**

***फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी**

**Q. ICC चेयरमैन एक बार फिर से किसे चुना गया है –मनोहर शशांक**

***शशांक मनोहर को वर्ष 2016 में पहली बार आईसीसी का स्वतंत्र चेयरमैन चुना गया था.**

**Q अप्रैल 2018 को जारी एटीपी टेनिस रैंकिंग में किस भारतीय खिलाड़ी को टॉप -100 में जगह मिली है –-युकी भांबरी**

***सर्वश्रेष्ठ 83वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं.**

**Q. कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 में भारत को पदक तालिका में कौनसा स्थान मिला है –तीसरा**

***कुल 66 पदक जीतने वाला भारत 26 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर रहा. 80 स्वर्ण समेत 198 पदक जीतने वाला ऑस्ट्रेलिया पदकतालिका में पहले स्थान पर और 45 स्वर्ण समेत 136 पदक जीतने वाला इंग्लैंड दूसरे स्थान पर रहा**

**Q. अप्रैल 2018 में वर्ल्ड बैडमिंटन संघ द्वारा जारी रैंकिंग में किस खिलाड़ी को पहला स्थान मिला है- किदांबी श्रीकांत**

***डेनमार्क के विक्टर एलेक्सन को पीछे छोड़ते विश्व नंबर एक की रैंकिंग हासिल की है**

**Q. हाल ही में संपन्न 72 वी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2018 में संतोष ट्रॉफी का खिताब जीता है –केरल**

***फाइनल में गत चैंपियन पश्चिम बंगाल को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर खिताब जीता**

*पश्चिम बंगाल ने 2011 के बाद छह वर्ष बाद 2017 में यह ट्रॉफी जीती थी

Q.फीफा द्वारा मार्च 2018 में जारी विश्व रैंकिंग में भारत को कौनसा स्थान प्राप्त हुआ है- 99

TOP 3 TEAM

| रैंक | देश |
|---|---|
| 1 | जर्मनी |
| 2 | ब्राज़ील |
| 3 | पुर्तगाल |

Q. किस भारतीय को विजडन प्लेयर ऑफ द ईयर 2018 का खिताब दिया गया है- k.l राहुल

Q. ISSF वर्ल्ड शूटिंग कप 2018 मैं किस भारतीय ने गोल्ड मेडल जीता है- मनु भाकर

*मेक्सिको में आईएसएसएफ विश्व कप में 05 मार्च 2018 को स्वर्ण पदक अपने नाम किया. मनु के अतिरिक्त रवि कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया

Q.एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप 2018 में किस भारतीय खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल जीता –नवजोत कौर

* नवजोत ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में जापान की मिया इमाई को 9-1 से हराकर यह मेडल जीता.

Q.जिमनास्टिक विश्वकप 2018 में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर किस खिलाड़ी ने इतिहास रचा है- अरुणा

***रेड्डी***

****अरुणा रेड्डी जिमनास्टिक विश्व कप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं***

****मेलबर्न में हुए विश्व कप में रेड्डी ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया***

***Q. इंडिया ओपन बॉक्सिंग टूर्नामेंट 2018 में किसने स्वर्ण पदक जीता है –मैरी कॉम***

****मैरीकॉम ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में फिलिपींस की जोसी गाबुको को फाइनल में 4-1 से मात दी***

***Q. 20वी ग्रैंड स्लैम का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता है -रोजर फेडरर***

****क्रोएशिया के मारिन सिलिच को हराकर अपने करियर का 20वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीत लिया***

***Q. 2022 में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कौन सा देश करेगा– इंग्लैंड***

***Q.कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप 2017 में किस खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल जीता है- सुशील कुमार***

****साक्षी मलिक, जिन्होंने 2016 रियो गेम्स में कांस्य जीता, ने भी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता.***

***Q.दिसंबर 2017 में आयोजित वर्ल्ड हॉकी लीग में किस देश को हराकर कांस्य पदक जीता है –जर्मनी***

***Q. विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2017 में किस भारतीय खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक जीता है –मीराबाईचानू***

***Q.इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स कार्यक्रम 2017 में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार किसे दिया गया है – किदांबी श्रीकांत***